हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 9 मई 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

A Project By
MATASHRI REALITIES

RERA CHHATTISGARH
PCGRERA060426002078

# जहाँ हर प्लॉट बने आपके घर की शुरुआत...




**Site Address :** Pooja Residency, Before Housing Board Colony, Chilhati, Mopka, Bilaspur (C.G.)

**DISTANCE**

| | |
|---|---|
| Railway Station | - 8 Km. |
| Appolo Hospital | - 6 Km. |
| Petrol Pump | - 0.4 Km. |
| RTO Office | - 2 Km. |
| Brilliant School | - 6 Km. |
| DAV Public Schoool | - 6Km. |

**AMENITIES**

- BT Road
- Grand Entrance Gate
- Solar Street Light
- Transformer as per CSPDCL Norm
- Garden
- Water Supply each Plot
- Rain water Harvesting

**BANK PARTNER**

SBI | HDFC BANK | Central Bank of India | kotak Kotak Mahindra Bank | LIC HFL LIC HOUSING FINANCE LTD | ICICI Bank

*T&C Apply

**Contact For Booking**

ANIL KUMAR AGRAWAL : Mo.: 9826528900, 7000175594
SARTHAK AGRAWAL : Mo.: 7999765949, 9009555591
UMAKANT RATHORE : Mo.: 9329960336

**Developers:**

Mathashri Realities Office No.- 204/206, 2nd Floor, Infinity Buisiness Park, Vyapar Vihar Zone No.-1, Taramandal Road, Bilaspur (C.G.) 495001

Web : www.poojaresidency.co.in
Email : abrointrade@gmail.com

## खबर संक्षेप

### माध्यमिक शाला का परीक्षा परिणाम घोषित

**रजगामार।** माध्यमिक शाला रजगामार में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया। इस दौरान छात्रों को पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शाला विकास समिति के अध्यक्ष श्रीमती हेमकुमारी आदित्य, श्रीमती जया लहरे, श्रीमती दिपिका पटेल, श्रीमती मंदाकिनी कर्ष, श्रीमती पुनीबाई उपस्थित रहे। अतिथियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मोमेंटो एवं प्रगति पत्रक प्रदान किए। कार्यक्रम में प्रधानपाठक रामकुमार कश्यप, श्रीमती पदमा गुप्ता शिक्षिका, प्रकाश कुमार सिंह उपस्थित रहे।

### शिवांगी ने बायो में अर्जित किए 86 प्रतिशत अंक



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में सरस्वती शिशु मंदिर गेवरा बस्ती कुसमुंडा की बायो ग्रुप की छात्रा शिवांगी बरेठ ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर शिवांगी ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपनी बायो टीचर पराशर मैडम एवं सभी गुरुजनों को दिया है। शिवांगी बरेठ टारजन बरेठ एवं सावित्री बरेठ की पुत्री एवं कोरबा पश्चिम क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता मुकुल कर्ष की भांजी है।

### शाउमावि नवापारा चैनपुर का बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत



**मड़वारानी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा चैनपुर विकासखंड करतला का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। शाला के 10वीं बोर्ड परीक्षा में कुल 32 छात्र परीक्षा में बैठे 32 उत्तीर्ण हुए। प्रथम श्रेणी में 25 और द्वितीय श्रेणी में 7 ,परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। इसी तरह कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में कुल 24 छात्रों ने परीक्षा में बैठे 23 उत्तीर्ण हुए प्रथम श्रेणी में 14, द्वितीय श्रेणी में 9 एवं 1 छात्रा पूरक है। परीक्षा परिणाम 96 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं बोर्ड में शाला में सतीश्वर प्रथम, मुन्नूराज द्वितीय एवं कुमारी लिलिमा तृतीय स्थान में है तथा 12वीं बोर्ड में शाला में कुमारी मानसी ने प्रथम, कुमारी स्नेहा ने द्वितीय एवं कुमारी संजना ने तृतीय स्थान पर हैं। नीरज पटेल और कुमारी निर्मला राठिया संयुक्त रूप से चतुर्थ स्थान पर हैं। संस्था के प्राचार्य डॉक्टर जगन्नाथ हिमधर ने सभी छात्रों एवं शाला स्टाफ को शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके योगदान का सराहना किया है।

### आसामाजिक तत्वों ने स्कूल भवन का ईंट पत्थर मार कर तोड़ दिए शीशे



**हरदीबाजार।** हरदीबाजार थाना परिसर से लगा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल परिसर में स्थित विघालय भवन जिसमें मिडिल स्कूल अमगांव की कक्षा लगती हैं। अभी गर्मी छुट्टी होने के वजह से विघालय बंद है लेकिन कुछ असमाजिक तत्वों के द्वारा भवन के खिड़की दरवाजों में लगे कांच स्लाइडर को ईंट पत्थर मार कर क्षति पहुंचाया गया है। जिससे विभाग को काफी नुकसान के साथ विघालय भवन की सुन्दरता को छिन्न-भिन्न किया गया है,वहीं शासकीय संपत्ति को नुक़सान पहुंचाया गया है।

# एनटीपीसी लारा द्वारा सीपेट में किया गया कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

सिपेट में एनटीपीसी लारा द्वारा प्रायोजित सीएसआर योजनान्तर्गत प्लास्टिक इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया गया। जिसमें असिस्टेंट मशीन ऑपरेटर इंजेक्शन मोल्डिंग कोर्स में तिमाही प्रशिक्षण 6 फरवरी से 6 मई तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण अवधि में इंजेक्शन मोल्डिंग मशीन के संचालन पैरामीटर सेटिंग एवं प्लाटिक्स उत्पाद के उत्पादन संबंधी गतिविधियां एवं अन्य, रखरखाव, क्वालिटी कंट्रोल प्रकिया पर प्रशिक्षण दिया गया।

गुरुवार को आयोजित उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जाकीर खान, अतिरिक्त जनरल प्रबंधक एचआर एनटीपीसी लारा एवं सुश्री काजी खदीजा आरिफ एक्सक्यूटिव सीएसआर एनटीपीसी लारा की उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षणार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुवे उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाये प्रेषित की एवं एनटीपीसी व एनटीपीसी सीएसआर मद द्वारा समाज व देश के विकास के लिए किये जा रहे कार्यो से अवगत कराया। मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षणार्थियों से चर्चा करते हुए कहा कि जीवन में यदि लक्ष्य प्राप्त करना है तो कड़ी मेहनत करते हुए आगे बढ़ते रहना पड़ेगा, हारकर या थककर रूकना नही है। जीवन में अनेको कठिनाइयां आएगी किंतु आप अपने कड़ी मेहनत और अपने सतत प्रयासो से आप अपने उद्देश्य को प्राप्त कर सकते है। विशिष्ट अतिथि सुश्री काजी खदीजा आरिफ ने अपने संबोधन में प्रशिक्षणार्थियों से चर्चा करते हुए कहां कि आज आप सभी को प्रशिक्षण पूर्ण करने और रोजगार प्राप्त करने पर ढ़ेरों बधाई एवं शुभकामनाएं। उन्होने आगे कहां कि आप सभी का प्रशिक्षण यही समाप्त नही होता है आगे चलकर जब आप अपने प्लेसमेंट कंपनियों में कार्य कर सफलता प्राप्त करेगें तब आपका प्रशिक्षण सफल होगा। उन्होनें प्रशिक्षण कार्यक्रम की उपयोगिता से अवगत कराया एवं समापन समारोह मे उपस्थित छात्र-छात्राओं ने भी अपने अनुभव साझा किए तथा एनटीपीसी लारा एवं सिपेट कोरबा का आभार व्यक्त किया एवं भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रायोजित करने का सुझाव दिया जिससे लारा परिक्षेत्र के और भी प्रशिक्षणार्थी इसका लाभ प्राप्त कर सकें द्य प्रशिक्षण कार्यक्रम में 20 युवाओं के द्वारा प्रशिक्षण हेतु नामांकन किया गया तथा 20 प्रशिक्षणार्थियों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण संपन्न किया, प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षणोपरांत सिपेटए कोरबा द्वारा इंटरनेशनल ऑटोमेटिव इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, पुणे में रोजगार उपलब्ध कराया गया हैं।

## मोल्डिंग मशीन के संचालन एवं पैरामीटर सेटिंग का प्रशिक्षण



## नगर निगम के कोरबा जोन कार्यालय में आयोजित हुआ सुशासन तिहार जनसमस्या निवारण शिविर

# आमजन की समस्याओं का यथासंभव हो रहा मौके पर ही निराकरण : लखनलाल

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, सार्वजनिक उपक्रम, आबकारी व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि राज्य के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किये जा रहे सुशासन तिहार जनसमस्या निवारण शिविर वास्तव में जनसमस्याओं के निराकरण के सशक्त माध्यम बन रहे हैं। इन शिविरों में आमजन की समस्याओं व शिकायतों का यथासंभव तुरंत निराकरण हो रहा है, साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है।

यह बात उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने नगर निगम कोरबा द्वारा आयोजित सुशासन तिहार शिविर के दौरान कही। गुरुवार को नगर पालिक निगम का पहला शिविर कोरबा जोन कार्यालय में आयोजित हुआ। उद्योग मंत्री श्री देवांगन मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर संजूदेवी राजपूत ने की। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने आगे कहा कि मैं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को हृदय से धन्यवाद देता हूं कि वे जनसमस्याओं के प्रति अपनी गहरी संवेदनशीलता का परिचय देते हए, इन शिविरों के आयोजन के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री श्री साय इस तपती गर्मी की चिंता किये बिना स्वयं इन शिविरों में पहुंच रहे हैं, लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की समस्याएं थोड़ा पृथक-पृथक रहती है, किन्तु सभी समस्याओं के निराकरण के लिये शासन प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहा है, हमारे अधिकारी कर्मचारी तपती गर्मी की परवाह किये बिना जनसेवा में लगे हुये हैं। उनकी इस प्रतिबद्धता के लिये मैं उनकी साधुवाद करता हूं। उद्योग मंत्री देवांगन ने आगे कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी ने पृथक छत्तीसगढ़ राज्य बनाया, डॉ.रमन सिंह ने 15 वर्षो के अपने कार्यकाल के दौरान प्रदेश के संवारा, अब मुख्यमंत्री श्री साय राज्य के विकास को आगे बढ़ा रहे हैं तथा प्रदेश की तेजी से प्रगति हो रही है।



हितग्राही को आवास की चाबी देते मंत्री देवांगन व अन्य।

### बीते शिविर के सभी प्रकरण निराकृत

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने बताया कि विगत वर्ष के सुशासन तिहार शिविरों में 7703 कुल आवेदन मिले थे।, जिनमें नगर निगम कोरबा से संबंधित 4876 आवेदन मांग से संबंधित थे, वहीं 663 आवेदन विभिन्न शिकायतों से जुड़े हुये थे, इन सभी का शतप्रतिशत निराकरण निगम द्वारा किया जा चुका है, वहीं शेष आवेदन विभिन्न विभागों से संबंधित थे, जिन्हें संबंधित विभागों को भेजा गया था। श्री पाण्डेय ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारी, महापौर की पाती, क्रिएटिव कॉर्नर, आपरेशन वरूण, पी.एम.आवास योजना में प्राप्त उपलब्धि, फेस आफ द मंथ आदि सहित निगम के विभिन्न नवाचारों एवं प्राप्त उपलब्धियों की जानकारी भी दी।

### जनहितैषी योजनाओं की दी गई जानकारी

उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने शिविर के दौरान शासन की विभिन्न जन हितैषी व जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। सभी से आग्रह किया कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महती योजना पी.एम.सूर्यघर योजना के अंतर्गत अपने घरों में सोलर संयंत्र लगवायें तथा घरों के बिजली के बिल को शून्य करें, विद्युत उपभोक्ता की जगह विद्युत उत्पादक बनें। इस अवसर पर सभापति नूतन सिंह ठाकुर, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, अशोक चावलानी, धनकुमारी गर्ग, ममता यादव, युगल कैवर्त, टामेश अग्रवाल, धनश्री अजय साहू, रूबी देवी सागर, प्रभा टीकम राठौर, उर्वशी राठौर, ईश्वर पटेल आदि उपस्थित थे।

### शिविर में समस्याओं का हो रहा त्वरित निदान

महापौर संजूदेवी राजपूत ने कहा कि सुशासन तिहार का यह आयोजन मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की महत्वपूर्ण योजना है, जो आमनागरिकों की समस्याओ के प्रति, उनकी संवेदनशीलता को प्रकट करती है। इन शिविरों के माध्यम से आमनागरिकों की समस्याओं का त्वरित निदान हो रहा है, उन्हें समस्याओं से राहत प्राप्त हो रही है तथा हमारा नगर निगम कोरबा लगातार जनसेवा की भावना से जनसमस्याओं को दूर कर रहा है।

### हर व्यक्ति तक पहुंच रहा शासन प्रशासन

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से हर व्यक्ति तक शासन प्रशासन पहुंच रहा है, उनकी समस्याओं को दूर कर रहा है, हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होने कहा कि जिले के सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं कि शिविरों में प्राप्त सभी आवेदनों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण समयसीमा के अंदर किया जाएं। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने कहा कि बेहतर कोरबा-सुरक्षित कोरबा बनाने के लिए हम सभी कार्य कर रहे हैं तथा हमारी पुलिस अवैध कार्यों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही कर रही है।

### निशक्तजन कार्तिकेय को मिला राशन कार्ड



जिले में लगातार जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जहां विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से आम नागरिकों को शासन की योजनाओं से जोड़ते हुए उनकी आवश्यक समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा रहा है। ऐसा ही एक उदाहरण कोरबा शहर के सीतामढ़ी निवासी कार्तिकेय जायसवाल के जीवन में देखने को मिला। वह निशक्तजन हैं और लंबे समय से राशन कार्ड बनवाने के लिए प्रयासरत थे। कई बार प्रयास करने के बावजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा था, जिससे उन्हें शासन की खाद्य सुरक्षा योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा था। सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में पहुंचे। शिविर में अधिकारियों द्वारा संवेदनशीलता के साथ उनके आवेदन पर त्वरित कार्रवाई की गई और उनकी समस्या का निराकरण करते हुए राशन कार्ड स्वीकृत किया गया। आज आयोजित शिविर में कैबिनेट मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने उन्हें राशन कार्ड प्रदान किया।

### जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन 10 को

**कोरबा।** योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन कोरबा के द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन 10 मई को सुबह 8 बजे से गीतांजली भवन पुराना बस स्टैंड कोरबा में किया जा रहा है। जिसमें प्रतिभागी आयु सीमा सब जूनियर 10 से 14 वर्ष, जूनियर 14 से 18 वर्ष, सीनियर 18 से 28 वर्ष, सीनियर (ए) 28 से 35, सीनियर (बी) 35 से 45 वर्ष, सीनियर (सी) 45 से 55 वर्ष तक के लिए अलग अलग आयुवर्ग का विभाजन किया गया है। इस जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने योग कौशल का प्रदर्शन कर योगासन खेल को आगे बढ़ाने में अपनी सहभागिता अवश्य सुनिश्चित करें।

### लंबित मामलों के लिए विशेष लोक अदालत 21 से

**कोरबा।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा न्याय को सरल एवं सुलभ तरीके से आमजन तक पहुंचाने तथा आपसी सहभागिता एवं एवं सहमति से विवादों के समाधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। 21 अप्रैल से आरम्भ होकर 21, 22 एवं 23 अगस्त को विशेष लोक अदालत के आयोजन के साथ सम्पन्न होगा। विशेष लोक अदालत का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय परिसर में 21, 22 एवं 23 अगस्त को किया जाएगा, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों को शामिल किया जाएगा। इस दौरान सुलह बैठकों को आयोजन राज्य, जिला तालुका एवं उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरण/ समिति के मध्ययस्थता केन्द्रों में किया जाएगा। सुलह वार्ता की प्रक्रिया 21 अप्रैल से ही प्रारंभ हो चुकी है। इस समाधान समारोह का मुख्य उद्देश्य सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों का आपसी सहमति एवं सुलह के माध्यम से त्वरित निष्पादन करना है।

# ग्राम जल्के में 96 आवेदनों का हुआ निराकरण

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक के ग्राम पंचायत जल्के में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों की मांग एवं शिकायतों से संबंधित कुल 525 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 96 आवेदनों का निराकरण मौके पर ही संबंधित विभागों द्वारा किया गया, जबकि शेष 429 आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया जारी है।

इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम उपस्थित रहे। उनके साथ डॉ. पवन सिंह कंवर, अध्यक्ष जिला पंचायत, माधुरी देवी तंवर, अध्यक्ष जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा, प्रकाश चंद जाखड़, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा, मनोज कुमार बंजारे, एसडीएम पोड़ी उपरोड़ा, वीरेंद्र श्याम, तहसीलदार पसान तथा जय प्रकाश डड़सेना, सीईओ जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा सहित जनपद सदस्य पोड़ी उपरोड़ा भी उपस्थित रहे। ग्राम जल्के के सरपंच सहित क्लस्टर की सभी दस ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक तथा विभिन्न विभागों के कार्यालय प्रमुख, अधिकारी और कर्मचारी भी शिविर में शामिल हुए। अतिथियों ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित एवं उचित समाधान सुनिश्चित होता है। सभी विभागों के अधिकारी एक ही स्थान पर उपस्थित रहने से ग्रामीणों को जिला मुख्यालय तक अनावश्यक रूप से चक्कर नहीं लगाने पड़ते।



शिविर में उपस्थित अतिथि व अधिकारी व ग्रामीण।

### रेडियम पट्टी नहीं लगाने पर हुई चालानी कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री सिद्धार्थ तिवारी द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं संबंधित अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में थाना/चौकी स्तर पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के तहत कोरबा पुलिस द्वारा भारी वाहनों के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाकर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत व्यापक चालानी कार्यवाही की गई।

## दीपका खदान से बढ़ते प्रदूषण को लेकर पर्यावरण संरक्षण मंडल की टीम ने किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

एसईसीएल दीपका क्षेत्र में कोयला उत्खनन और परिवहन से फैल रहे प्रदूषण की लगातार मिल रही शिकायतों को आखिरकार गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल की क्षेत्रीय टीम ने दीपका खदान का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने प्रदूषण नियंत्रण को लेकर अपनाए जा रहे उपायों में भारी अनियमितताएं पाईं और एसईसीएल प्रबंधन को व्यवस्था दुरुस्त करने के कड़े निर्देश दिए हैं। साथ ही प्रदूषण पर लगाम नहीं कसने पर नियमानुसार कार्यवाही की चेतावनी दी है। दरअसल लंबे समय से आम जनता और सोशल नेटवर्क के माध्यम से यह बात सामने आ रही थी कि एसईसीएल दीपका प्रबंधन क्षेत्र में डस्ट कंट्रोल के प्रति लापरवाह बना हुआ है। पर्यावरण संरक्षण मंडल ने 2 माह पूर्व भी एसईसीएल दीपका प्रबंधन को प्रदूषण नियंत्रण को लेकर नोटिस जारी किया था। बावजूद इसके प्रबंधन द्वारा प्रदूषण नियंत्रण को लेकर संजीदगी नहीं दिखाने और लगातार मिल रही शिकायतों को देखते हुए पर्यावरण संरक्षण मंडल की टीम ने 7 मई को मौके पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया।

जाँजगीर मार्केट

प्रो. विद्याशंकर सिंघानिया
विद्या इलेक्ट्रिकल्स
सभी कम्पनियों के बिजली सामनों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता।
न्यू चांपा रोड, नेताजी चौक जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
9926744810

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

**न्यायालय नायब तहसीलदार पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. ब 121 वर्ष 2025-26
ग्राम कोनार प.ह.न. 01

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता ही की विषयान्तर्गत लेख है कि आवेदक संजय सिंह पिता जनमजेय सिंह जाति क्षत्रिय निवासी ग्राम कोनार द्वारा अपने पुत्र योगेश सिंह के शिक्षा कार्य हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र (E.W.S) प्रमाण-पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित आवेदक का आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा E.W.S प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की दावा / आपत्ति हो तो वे स्वतः उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी दिनांक 11/5/2026 तक इस न्यायालय में दावा / आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के बाद दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/4/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा के साथ ईश्तहार जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**पामगढ जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार नवागढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**ज्ञापन**

क्रमांक /631/ ना.तह. / वाचक / 2026
नवागढ़, दिनांक 30/4/2026
रा.प्र.क्र.- 202604065600028/ बी-121
ग्राम-महंत, प.ह.नं. -03

सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रत्ना सिंह पिता जीतन सिंह जाति क्षत्रिय, निवासी ग्राम महंत, तहसील नवागढ़, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वयं रत्ना सिंह पिता जीतन सिंह के लिए लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्ति / शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए निर्धारित 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ प्रदाय करने हेतु भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में आय व संपत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र (परिशिष्ट-एक), शपथ पत्र, बी-1 खसरा नकल, आधार कार्ड एवं शैक्षणिक योग्यता अंकसूची संलग्न कर न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में दावा/आपत्ति हेतु ईश्तहार जारी किया गया। जारी ईश्तहार प्रकाशन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति सुनवाई दिनांक 18/5/2026 को उपस्थित होकर विधि अनुसार लिखित रूप में आवेदन पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/4/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के सील/मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**नवागढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार नवागढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**ज्ञापन**

क्रमांक/633/ना.तह. / वाचक / 2026
नवागढ़, दिनांक 30/4/2026
रा.प्र.क्र.-202604065600027/ बी-121
ग्राम-महंत, प.ह.नं.-03

सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदिका निधी सिंह पिता जीतन सिंह जाति क्षत्रिय, निवासी ग्राम महंत, तहसील नवागढ़, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वयं निधी सिंह पिता जीतन सिंह के लिए लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्ति / शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए निर्धारित 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ प्रदाय करने हेतु भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में आय व संपत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र (परिशिष्ट-एक), शपथपत्र, बी-1 खसरा नकल, आधार कार्ड एवं शैक्षणिक योग्यता अंकसूची संलग्न कर न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में दावा/आपत्ति हेतु ईश्तहार जारी किया गया। जारी ईश्तहार प्रकाशन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति सुनवाई दिनांक 18/5/2026 को उपस्थित होकर विधि अनुसार लिखित रूप में आवेदन पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/4/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के सील / मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**नवागढ़**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**आम सूचना**

मैं पीताम्बर प्रसाद केशरवानी अधिवक्ता नवागढ़ अपने पक्षकार सुकदेव केशरवानी पिता का नाम-परसराम केशरवानी निवासी ग्राम-शिवरीनारायण वार्ड नंबर-09 भोगहापारा तहसील- शिवरीनारायण जिला : जांजगीर-चाम्पा छ.ग. की ओर से यह आम सूचना प्रकाशित करवा रहा हूं, सर्वविदित हो कि प्यारेलाल यादव उम्र 72 वर्ष पिता का नाम गजानंद यादव जाति रावत के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 425 शामिल खसरा नंबर 426, 427, 428, 429, 430 रकबा 0.54 एकड़ (0.2190 हे.) ग्राम-भोगहापारा राजस्व निरीक्षण मण्डल शिवरीनारायण तहसील शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चाम्पा छत्तीसगढ़ राज्य में अवस्थित है जिसमें से प्यारेलाल यादव के द्वारा मेरे पक्षकार से 0.26 एकड़ को विक्रय करने का पक्का सौदा 16,50,000/- सोलह लाख पचासर हजार रुपये में करते हुए बतौर बयाना 3,00,000/- तीन लाख रुपये दिनांक 16/10/2023 को नकद विक्रेता प्यारेलाल यादव को प्रदान किया गया और उक्तासौदा के संबंध में एक इकरारनामा नोटरी के समक्ष निष्पादित किया गया है। विक्रेता प्यारेलाल के द्वारा मेरे पक्षकार के साथ उपरोक्त खसरा नंबर के विक्रय पत्र का निष्पादन कर शेष रकम लेने और विक्रय पत्र का निष्पादन दिनांक 15/01/2024 तक किए जाने का वचन दिया गया था, किन्तु इस बीच प्यारे लाल यादव के पुत्र का स्वास्थ्य खराब होने के कारण करारित भूमि का विक्रय पत्र का निष्पादन मेरे पक्षकार के पक्ष में नहीं किया गया और पुनः रकम की आवश्यकता पड़ने पर दिनांक-29/07/2024 को 20,000/- बीस हजार रुपये तथा दिनांक 08/08/2024 को 5,00,000/- पांच लाख रुपये और रकम उक्त बिक्रीत भूमि के अंशतः प्रतिफल को प्राप्त किया गया और उक्त रकम प्राप्त करने की पावती इकरारनामा दिनांक-16/10/2023 के स्टाम्प के पृष्ठ भाग पर पावती देते हुए अपना हस्ताक्षर किया गया है। मेरे द्वारा बार-बार कहे जाने पर भी प्यारेलाल यादव के द्वारा विक्रय हेतु उपरोक्त करारित भूमि का विक्रय पत्र का निष्पादन मेरे पक्षकार के पक्ष में नहीं किया जा रहा है और आना-कानी किया जा रहा है जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि प्यारेलाल यादव के द्वारा मेरे पक्षकार के साथ विक्रय हेतु करार की गयी भूमि खसरा नंबर 425 शामिल खसरा नंबर 426,427,428,429,430 में से रकबा 0.26 एकड़ का विक्रय पत्र का निष्पादन मेरे पक्षकार के पक्ष में नहीं करना चाहता है और उसके मन में बेईमानी आ गया है, जबकि मेरा पक्षकार करार के अनुसार अपने वचन को पूर्ण करते हुए विक्रय पत्र का निष्पादन कर शेष रकम विक्रेता को देने के लिए तत्पर है।

अतः मैं इस आम सूचना के जरिए प्यारेलाल यादव को आगाह करता हूं कि वे मेरे पक्षकार के साथ उपरोक्त करारित भूमि का विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करें तथा सर्वसाधारण एवं खास,व्यक्ति,संस्था अथवा समूह को आगाह करता हूं कि उपरोक्त दर्ज भूमि का विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन में किसी प्रकार की कोई दावा आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय तहसील परिसर नवागढ़ में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के जरिए प्रस्तुत कर सकते है 07 दिवस के पश्चात् पेश दावा आपत्ति मान्य नही होगा और यह भी आगाह करता हूं कि मेरे पक्षकार के साथ विक्रय हेतु करारित भूमि खसरा नंबर 425 शामिल खसरा नंबर 426,427,428,429,430 में से रकबा 0.26 एकड़ के संबंध में किसी प्रकार से भूमि क्रय-विक्रय सौदा अथवा स्वत्व अंतरण की कार्यवाही प्यारेलाल यादव के साथ नहीं करें और यदि कोई इस आम सूचना के प्रकाशन के उपरांत भी मेरे पक्षकार के साथ करारित भूमि का क्रय विक्रय अथवा स्वामित्व अंतरण की कार्यवाही करता है तो उससे होने वाली किसी भी प्रकार के नुकसान की ज़वाबदारी मेरे पक्षकार की नही होगी।
सो सूचना जानें।
दिनांक 08/05/2026

भवदीय
(पीताम्बर प्रसाद केशरवानी अधिवक्ता)
व्यवहार न्यायालय नवागढ़
जिला: जांजगीर-चाम्पा (छ. ग.)
मो.नं. : 9993728746

तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 9 मई 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

6 जुनाडीह और बुडगहन में कलेक्टर ने जल जीवन मिशन कार्यों का किया निरीक्षण



## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी सहायिका पद पर भर्ती के लिए दावा-आपत्ति आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना नवागढ़ अंतर्गत नगर पंचायत शिवरीनारायण क्षेत्र अंतर्गत वार्ड कमांक 7 आजाद वार्ड में ऑगनबाड़ी सहायिका के 1 पद पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना नवागढ़ ने बताया कि जिसकी प्राविधिक मूल्यांकन सूची का प्रकाशन कार्यालयीन सूचना पटल पर कर दिया गया है। किसी अभ्यार्थियों को प्राविधिक सूची में आपत्ति हो तो वे 13 मई 2026 तक ऑनलाईन लिंक पर दावा-आपत्ति कर सकते है। अंतिम तिथि के बाद कोई भी दावा- आपत्ति स्वीकार नहीं किये जायेगे और न हीं दावा-आपत्ति में नये दस्तावेज स्वीकार किये जाएगे।

### 5 कस्बूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन कल से

**जांजगीर-चांपा।** जिले में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु आवेदन पत्रों का वितरण 10 से 31 मई तक संबंधित विद्यालयों में निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर जमा कर सकती हैं। जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा हरीराम जायसवाल ने बताया कि जिले के विभिन्न विकासखंडों में कुल 5 कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय संचालित हैं। इनमें विकासखंड अकलतरा के ग्राम हरदी, बलौदा के ग्राम पहरिया, बम्हनीडीह के ग्राम बिर्रा, नवागढ़ के ग्राम बरगांव तथा पामगढ़ के ग्राम ससहा में विद्यालय संचालित हैं। इन विद्यालयों में प्रवेश के लिए कक्षा पांचवीं उत्तीर्ण बालिकाएं आवेदन कर सकती हैं।

### 20 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**सक्ती।** आबकारी वृत्त सक्ती की टीम ने टोहिलाडिह और जुड़गा में शराब कारोबारियों पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों के कब्जे से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब को जब्त किया गया है। शुक्रवार 8 मई को आबकारी वृत्त सक्ती ने ग्राम टोहिलाडिह थाना सक्ती में एक क्रेता से महुआ मदिरा खरीदी की पुष्टि होने पर शोभलाल साहू पिता परदेशी राम के रहवासी मकान में जांच कार्यवाही करने पर उसके मकान से एक प्लास्टिक पन्नी में भरा 10 लीटर महुआ शराब और 15 नग प्लास्टिक पाउच प्रत्येक में 200-200 मिली मदिरा कुल मात्रा 13 लीटर मदिरा महुआ मदिरा बरामद होने से धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम किया गया । इसी तरह ग्राम जुड़गा में राजेन्द्र कुमार घसिया पिता छेदीलाल घसिया के रहवासी मकान से एक पीले प्लास्टिक जरिकेन में भरा 5 लीटर और 10 नग प्लास्टिक पाउच प्रत्येक में 200 -200 मिली कुल 7 लीटर महुआ शराब बरामद होने से धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल निरुद्ध किया गया।


# लापरवाही : आंख मूंदकर जारी कर दी पांचवी और आठवीं की अंकसूची

## विद्यार्थियों के प्राप्तांक में कई तरह की गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी की गई पांचवी और आठवीं की अंकसूची में भारी गड़बड़ी देखी जा रही है। जिम्मेदारों ने लापरवाही बरतते हुए त्रुटिपूर्ण अंकसूची जारी कर दी है। सभी अंकसूची में कुछ ना कुछ त्रुटि है। अधिकांश मार्कशीट में प्राप्तांक के योग में गड़बड़ी हुई है। ऐसे में अंकसूची को लेकर शिक्षक और विद्यार्थी परेशान नजर आ रहे है।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 5वीं और 8वीं की परीक्षा के बाद अब अंकसूची जारी कर दी गई है। विद्यार्थियों की अंकसूची पहले संकुल केन्द्रों में भेजी गई। संकुल केन्द्रों से अंकसूची संबंधित स्कूलों तक तीन दिन पहले भेजी गई है। विभाग की ओर से जारी की गई अंकसूची में व्यापक स्तर पर त्रुटि है। जिम्मेदारों द्वारा लापरवाहीपूर्वक अंकसूची तैयार की गई है। अंकसूची में पूर्णांक और प्राप्तांक में कई तरह की गड़बड़ी देखने को मिल रही है। अधिकांश विद्यार्थियों के मार्कशीट के अंकों के योग में कमी है। वहीं कुछ मार्कशीट में अंकों का योग बढ़ भी गया है। नवागढ़ ब्लाक के अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुलसी के कक्षा आठवीं के छात्र आरव खूंटे के मार्कशीट में अर्द्धवार्षिक की परीक्षा का कुल योग 176 नंबर लिखा गया है जबकि योग 174 नंबर हो रहा है। इसी तरह वार्षिक परीक्षा का कुल योग 381 अंक दर्शाया गया है, जबकि योग 382 नंबर हो रहा है। छात्र के अर्द्धवार्षिक और वार्षिक परीक्षा के अंकों का कुल प्राप्तांक योग 557 नंबर दर्शाया गया है, जबकि यह अंक 556 हो रहा है। इसी तरह कक्षा पांचवी के छात्र अनिरूद्ध बंजारे के अर्द्धवार्षिक के परीक्षा के अंक का कुल योग 54 अंक दर्शाया गया है जबकि यह योग 55 अंक आ रहा है। इसी तरह वार्षिक परीक्षा का कुल योग 105 अंक बताया गया है जबकि यह योग 106 अंक हो रहा है। इसी तरह की त्रुटि लगभग सभी विद्यार्थियों के मार्कशीट में देखी जा रही है। अब यह अंकसूची स्कूलों में पहुंच चुके है और शिक्षकों को अंकसूची बांटने निर्देशित किया गया है। स्कूलों में जब यह अंकसूची पहुंची तो त्रुटि देखकर शिक्षकों ने संकुल में इसकी शिकायत की, लेकिन वहां से भी कोई ठोस जवाब नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में शिक्षक परेशान नजर आ रहे है। शिक्षकों का कहना है कि अंकसूची में लिपिकीय त्रुटि की बात कहते हुए स्कूल के प्राचार्यो द्वारा त्रुटि सुधार करते हुए अपने हस्ताक्षर और सील मुहर लगाकर यही अंकसूची विद्यार्थियों को वितरित करने की बात कही जा रही है।





### तत्काल कराएंगे सुधार

पांचवी एवं आठवीं बोर्ड की मार्कशीट बड़े पैमाने पर तैयार होती है। हो सकता है किसी तरह की त्रुटि हो गई हो। इसे लेकर संबंधित अभिभावक कार्यालय आ सकते हैं। तत्काल अंक सूची में सुधार कार्य कराएंगे।

- अशोक कुमार सिन्हा
जिला शिक्षा अधिकारी
जांजगीर चांपा

## बलौदा क्षेत्र के ठडगाबहरा और जैजैपुर इलाके के नंदेली की घटना

# ट्रेलर की टक्कर से भाई-बहन की मौत, कार की भिडंत में गई एक जान



ठडगाबहरा चौक में हादसे के बाद आक्रोशित लोगों को समझाईश देती पुलिस



नंदेली में टक्कर के बाद क्षतिग्रस्त कार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

रफ्तार के कहर ने 24 घंटे के भीतर 3 लोगों की जान ले ली। ट्रेलर की टक्कर से जहां बाइक सवार भाई बहन की मौत हो गई। वहीं दो कार की भिडंत में एक कार सवार की मौत हो गई जबकि 2 लोग गंभीर रूप से घायल हुए है।

पहली घटना बलौदा थाना क्षेत्र के ठडगाबहरा में हुई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर बिरंगहनी गांव के पास ठड़गाबहरा चौक में एक ओवरलोड ट्रेलर अनियंत्रित हो गई। तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार सगे भाई-बहन को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार बिरगहनी निवासी 18 वर्षीय संजय कुर्रे और उनकी बहन अंजुलता कुर्रे की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रेलर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। इधर हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। आक्रोशित लोग मुआवजे की मांग करने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया। वहीं ट्रेलर मालिक ने मृतक के परिजनों को सहायता राशि दी। इसके बाद मामला शांत हुआ। बलौदा पुलिस मामले की जांच और ट्रेलर चालक की तलाश में जुटी है।

इधर सक्ती जिले में गुरुवार की देर रात तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। जैजैपुर थाना क्षेत्र के नंदेली बस स्टैंड के पास दो कार की आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान छिर्राडीह निवासी पुनिराम टंडन (52 वर्ष) के रूप में हुई है। वहीं हादसे में आमाकोनी निवासी ओमकार प्रसाद चंद्रा (40 वर्ष) और अंजोर चंद्रा (27 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि तीनों कार क्रमांक सीजी 11 बीएन 6925 से अपने घर से ग्राम ठठारी बारात में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार नंदेली बस स्टैंड के पास पहुंची, सामने से तेज रफ्तार में आ रही स्कॉर्पियो ने सीधे सामने से टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार पुनिराम टंडन की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अन्य दो लोग गंभीर रूप से घायल होकर वाहन में फंस गए। घटना की सूचना पर जैजैपुर पुलिस मौके पर पहुंची। कार में फंसे घायलों को किसी तरह बाहर निकालकर तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। अस्पताल में दोनों घायलों का इलाज जारी है। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना माना जा रहा है। फिलहाल दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की दरकार

## गर्भवती महिलाओं को उपचार में होती है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा




जिले के 7 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं है जिसके कारण गर्भवती महिलाओं को प्रसव सहित अन्य तरह की समस्या आने पर परेशानी उठानी पड़ती है। जिम्मेदार स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इस समस्या से कोई सरोकार तक नहीं है।

गौरतलब है कि जांजगीर चांपा जिले में सात सामुदायिक स्वास्थ्य स्वास्थ्य केंद्र का संचालन किया जा रहा है। प्राथमिक स्तर का उपचार तो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हो जाता है लेकिन संस्थागत प्रसव समेत अन्य कार्य स्वास्थ्य केंद्र में प्रभावित हो रहे हैं। जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों की समस्या विगत लंबे समय से बनी हुई है। स्त्री रोग विशेषज्ञ नहीं हो पाने के कारण प्रसव को लेकर परेशानी बढ़ जाती है। मजबूरन निजी अस्पतालों में प्रसव कराना पड़ता है। जिले के नवागढ़, अकलतरा, पामगढ़, बलौदा, खरौद, बम्हनीडीह व केरा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन तो किया जा रहा है लेकिन ज्यादातर गर्भवती महिलाओं को इनका लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली ज्यादातर महिलाओं की स्थिति मध्य एवं गरीब वर्ग से रहती है । ऐसे में सरकारी अस्पताल उन महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं रहता है ताकि महिलाओं का समुचित उपचार सरकारी अस्पतालों के माध्यम से हो सके लेकिन महिला विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं हो पाने के कारण प्रसव के लिए महिलाओं को कई तरह की परेशानी भी उठानी पड़ती है। एक तरफ राज्य शासन के स्वास्थ्य विभाग के द्वारा महिलाओं को प्रसव के दौरान सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके इस बात को ध्यान में रखकर कई तरह के योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। साथ ही संस्थागत प्रसव को बढ़ावा भी दिया जाना रहता है। इस पर सरकार के द्वारा करोड़ों रुपए खर्च भी किया जा रहे हैं वहीं दूसरी ओर ग्रामीण अंचल में रहने वाली मध्य एवं गरीब वर्ग से आने वाली गर्भवती महिलाओं को महिला चिकित्सक नहीं हो पाने के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से मजबूरन निजी अस्पतालों में जाकर प्रसव कराना पड़ता है।

### की गई है मांग

जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक की कमी है। जिसके चलते गर्भवती महिलाओं को परेशानी होती है। चिकित्सकों की भर्ती को लेकर मांग पत्र भेजा गया है।

-श्रीमती अनीता श्रीवास्तव
प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जांजगीर

# सीएमओ पर लगे आरोप की जांच करने पहुंचे एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह



नगर पंचायत बम्हनीडीह के सीएमओ पर लगे आरोपों की जांच करने एसडीएम बम्हनीडीह पहुंचे। एसडीएम ने तहसील कार्यालय में प्रार्थी समेत संबंधित पक्षों के बयान दर्ज किए।

नगर पंचायत बम्हनीडीह के सीएमओ राधाचरण तिवारी पर लगे रिश्वत लेने के आरोप मामले में कलेक्टर के निर्देश पर चाम्पा एसडीएम पवन कोसमा ने शुक्रवार को बम्हनीडीह तहसील कार्यालय में पूरे मामले की जांच की। एसडीएम ने शिकायतकर्ता राज कुमार पटेल, नगर पंचायत बम्हनीडीह के सीएमओ राधा चरण तिवारी तथा नगर पंचायत बलौदा के सफाई दरोगा श्रीयांश शुक्ला को उपस्थित कर बयान दर्ज किए। मामले में रिश्वत के लेनदेन और बिल भुगतान से जुड़े बिंदुओं पर पूछताछ की गई है। शिकायतकर्ता एवं सरपंच प्रतिनिधि राज कुमार पटेल ने आरोप लगाया है कि उनके बकाया बिल भुगतान के एवज में नगर पंचायत बम्हनीडीह के सीएमओ द्वारा रिश्वत की मांग की गई थी। आरोप है कि सीएमओ के कहने पर बताए गए मोबाइल नंबर पर फोन पे के माध्यम से 5 हजार रुपए भेजे गए थे। एसडीएम ने सभी के बयान दर्ज किए है।

### की गई है जांच

कलेक्टर सर के आदेश पर जांच की गई है। जल्द ही रिपोर्ट बना कर उच्च अधिकारी को सौंपी जायेगी। जो निर्णय लेना है वह उच्च अधिकारी ही लेंगे ।

-पवन कोसमा
चांपा, एसडीएम

# रेत का अवैध परिवहन करते 4 वाहन जब्त, अवैध भंडारण पर भी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

रेत के अवैध भंडारण और परिवहन पर खनिज विभाग की उडनदस्ता टीम ने कार्रवाई की है। रेत का अवैध परिवहन करते 4 ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। वहीं दो स्थानों पर अवैध रूप से भंडारित रेत के भी जब्ती की कार्रवाई की गई है।

सक्ती जिले में रेत के अवैध कारोबार पर लगाम कसने प्रशासन की टीम इन दिनों मुस्तैद हो गई है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग उड़नदस्ता द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण की जांच और कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में 7 मई को ग्राम मोहंदीखुर्द में 2 स्थानों पर अवैध रूप से भंडारण किए गए रेत को जब्त करने की कार्रवाई की गई। इसी तरह 8 मई को सक्ती, मसनीयाकला एवं मोहंदीखुर्द में रेत के अवैध परिवहन के 4 प्रकरण दर्ज किए गए। इस प्रकार कुल 6 प्रकरणों में कार्यवाही करते हुए 4 नग वाहनों को जप्त कर संबंधित रक्षित निरीक्षक कार्यालय सक्ती एवं थाना सक्ती में सुरक्षार्थ रखा गया है। उक्त अवैध रेत भण्डारण के संबंध में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी के. के. बजारे का कहना है कि जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर खनिज अमले द्वारा सतत कार्यवाही की जाएगी।




जब्त किए गए वाहन।

## शिवरीनारायण के सत्संग भवन में कार्यक्रम आयोजित

# सीएम कन्या विवाह योजना : 23 जोडे बंधे परिणय सूत्र में

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 23 जोड़ों का सामूहिक विवाह धार्मिक रीति रिवाजों के साथ सम्पन्न कराया गया। इस बीच जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण मौजूद रहे।

गौरतलब है कि शुक्रवार 8 मई को शिवरीनारायण के सत्संग भवन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर एवं नवागढ़ के संयुक्त तत्वाधान में सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 23 नवविवाहित जोड़ों का विधि-विधान एवं धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं गरीब परिवारों की कन्याओं को विवाह में सहयोग प्रदान करना तथा समाज में सामूहिक विवाह की परंपरा को बढ़ावा देना रहा। आयोजन स्थल पर नवदंपत्तियों एवं उनके परिजनों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत उपस्थित रहे। वहीं उपाध्यक्ष सरस्वती यादव, स्नेहलता सोनी, सरला केसरवानी, देवी कर्ष, चेतन सोनी, डॉ. धर्मेन्द्र कुमार, योगेश कुमार आदित्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं देते हुए कन्या विवाह योजना को गरीब परिवारों के लिए महत्वपूर्ण एवं जनहितकारी योजना बताया। शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों को गरिमामय वैवाहिक आयोजन का लाभ मिला। कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशानुसार कन्या विवाह योजना अंतर्गत आज शिवरीनारायण के सत्संग भवन में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। विवाह सम्पन्न होने के पश्चात सभी नवदंपतियों को विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।



परिणय सूत्र में आबद्ध होते नवविवाहित जोड़े।



खबर संक्षेप

## परीक्षा में चयनित छात्रों को नजदीक से एयरक्राफ्ट देखने को मिलेगा मौका

**सक्ती।** जिला प्रशासन सक्ती द्वारा जिले के होनहार छात्रों के लिए विशेष एयरपोर्ट भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर के तहत चयनित छात्रों को फाइटर पायलट एवं सिविलियन एयरक्राफ्ट को करीब से देखने तथा कॉकपिट में बैठने का शानदार अनुभव प्राप्त होगा। यह भ्रमण 17 मई (रविवार) को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र भाग ले सकेंगे। चयन प्रक्रिया के तहत सामान्य ज्ञान एवं एप्टीट्यूड आधारित 1 घंटे की बहुविकल्पीय (एमसीक्यूं) ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा 13 मई को सुबह 10 बजे से 11 बजे तक होगी। परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से ली जाएगी, इसलिए विद्यार्थियों को इंटरनेट सुविधा वाला मोबाइल साथ लेकर आना अनिवार्य होगा। इच्छुक छात्रों को पंजीकरण फॉर्म भरकर जिले में बनाए गए 8 परीक्षा केंद्रों में से अपनी पसंद का केंद्र चुनना होगा। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह पूरी प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है तथा इसमें किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। ऑनलाइन पंजीयन फॉर्म के माध्यम से भर सकते हैं।

## कक्षा 5वीं में पूर्वी पटेल ने प्राप्त किया 97 प्रतिशत से अधिक अंक

**तुस्मा।** ग्राम तुस्मा निवासी पूर्वी पटेल ने कक्षा पांचवीं



वार्षिक परीक्षा में 97.9 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पूर्वी की इस उपलब्धि से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। पूर्वी शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही हैं और अपनी मेहनत के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। पूर्वी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों तथा विद्यालय के शिक्षकों को दिया। पिता ईश्वर पटेल ने बेटी की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पूर्वी ने यह सफलता मेहनत और समर्पण से अर्जित की है।

## स्वामी आत्मानंद विद्यालय चांपा में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आज तक

**चांपा।** जिले के विकासखंड बम्हनीडीह अंतर्गत संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, चांपा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा पहली अंग्रेजी माध्यम की रिक्त सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी सूचना के अनुसार ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल 10 अप्रैल से प्रारंभ किया गया था, जिसकी अंतिम तिथि पहले 5 मई निर्धारित थी। अब शासन के निर्देशानुसार आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 9 मई कर दी गई है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि जिन अभिभावकों ने अभी तक अपने बच्चों के प्रवेश हेतु आवेदन नहीं किया है, वे निर्धारित अंतिम तिथि तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी तरीके से लॉटरी प्रणाली के माध्यम से संपन्न की जाएगी।प्राप्त जानकारी के अनुसार पात्र अभ्यर्थियों का चयन लॉटरी प्रक्रिया द्वारा 13 मई को प्रातः 10 बजे विद्यालय परिसर में किया जाएगा। इस दौरान अभिभावकों की उपस्थिति में चयन प्रक्रिया पूरी की जाएगी ताकि पारदर्शिता बनी रहे।लॉटरी में चयनित विद्यार्थियों के दस्तावेज सत्यापन एवं प्रवेश प्रक्रिया 14 मई से 20 मई तक विद्यालय परिसर में संपन्न होगी। अभिभावकों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि पर उपस्थित होने की अपील की गई है।

## बिर्रा में संगीत प्रतियोगिता का आयोजन 13 को

**बिर्रा।** गुरुघासीदास संगीत महाविद्यालय हसौद द्वारा संगीत के प्रचार-प्रसार की दृष्टि से संगीत प्रतियोगिता का आयोजन 13 मई को देव पब्लिक स्कूल बिर्रा में 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र प्रातः 10 बजे होगा तथा समापन सत्र एवं पुरस्कार वितरण शाम 5 से 7 वजे तक सम्पन्न होगा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में गगन जयपुरिया जिला पंचायत उपाध्यक्ष ,मोहन कुमारी साहू जिला पंचायत सदस्य, गोपीसिंह ठाकुर जिला उपाध्यक्ष भाजपा, एकादशियां साहू सरपंच प्रतिनिधि बिर्रा, रितेश रमण सिंह जनपद सदस्य तथा मणिलाल कश्यप वरिष्ठ कांग्रेसी एवं सामाजिक कार्यकर्ता, दिनेश चंद्रा संचालक देव पब्लिक स्कूल, डॉ. शुभम शुक्ला संचालक शुक्ला हेल्थ केयर हॉस्पिटल बिर्रा, धनेश कुमार मिश्र संचालक वन्दे मातरम स्कूल नवागढ़, राजेन्द्र पाणिग्रही संचालक लिटिल पॉवर स्कूल शिवरीनारायण, बी एल सागर संचालक कैरियर पॉइंट किड्स स्कूल बिर्रा , श्यामसुंदर चंद्रा संचालक जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल बिर्रा,रामकिशोर देवांगन शैक्षिक समन्वयक बिर्रा होंगे। कार्यक्रम में प्रथमा , मध्यमा तथा विशारद संवर्ग से कुल 75 प्रतिभागी सम्मिलित होंगे। प्रतियोगिता का समापन सत्र तथा पुरस्कार वितरण सायं 5 से होगा। तीनों संवर्ग में प्रथम , द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को क्रमशः 2101 रु., 1501 रु.तथा 1101/- रु. एवं स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया जावेगा। गुरुघासीदास संगीत महाविद्यालय हसौद के प्राचार्य के ऑर कश्यप, अध्यक्ष ऑर के सोनवानी , संयोजक मनोज तिवारी ने संगीत प्रेमियों से अधिकाधिक संख्या में पंहुचकर छात्रों का उत्साह वर्धन कर संगीत के प्रचार-प्रसार में सहभागिता निभाने अपील की है।

### निधन

## विनोद कुमार यादव

**जांजगीर-चांपा।** नगर पंचायत खरौद के प्रतिष्ठित नागरिक विनोद कुमार यादव का आकस्मिक निधन



शुक्रवार 1 मई को हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार महानदी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके भतीजे हिमांशु यादव ने दी। उनके अंतिम यात्रा में स्वजन सहित गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

सुशासन तिहार: विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को सामग्री एवं सहायता राशि वितरित

# शिविर में किया जा रहा नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान हेतु जिले में सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जन समस्या समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करते हुए लोगों को शासन विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। सुशासन तिहार अंतर्गत नगर पालिका अकलतरा के राजेन्द्र कुमार सिंह उमावि वार्ड 05 में, नगर पंचायत सारागांव के सांस्कृतिक भवन एवं जनपद पंचायत बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत लखुर्री के पी.एम.श्री प्राथमिक शाला/पूर्व माध्य.शाला लखुर्री में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में उपस्थिति अतिथियों द्वारा पात्र हितग्राहियों को पीएम आवास योजना के तहत चाबी, मनरेगा जॉब कार्ड, राशन कार्ड, केसीसी ऋण, श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड, सुपोषण कीट, ऋण पुस्तिका, बी1 खसरा, स्वसहायता समूहों की दीदियों को ऋण सहित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत सामग्रियों, चेक का वितरण किया गया। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से जानकारी लेते कलेक्टर जन्मेजय महोबे।

**12 मई को नगर पंचायत नवागढ़ एवं ग्राम पंचायत भड़ेसर में लगेगा शिविर-** सुशासन तिहार के अंतर्गत 12 मई को नगर पंचायत नवागढ़ के प्रगति क्लब में एवं ग्राम पंचायत भड़ेसर के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे। नगर पंचायत नवागढ़ के प्रगति क्लब में आयोजित शिविर में वार्ड क्रमांक 01 से 15 तक शामिल होंगे। इसी प्रकार जनपद पंचायत नवागढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत भड़ेसर में भड़ेसर, धुरकोट, अकलतरी, मौहाडीह, पीथमपुर, नवापारा, कनई, अमोदा, भादा, गौद, भैंसदा, पचेडा, सुकली, मुनुन्द, धनेली, भैंसमुड़ी, टूरी, हरदी एवं कर्रा सहित कुल 19 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण शामिल होंगे। कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याएं एवं मांगें प्रस्तुत करने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है।

### राजस्व विभाग की त्वरित कार्यवाही से ग्रामीणों को मिली बड़ी राहत, मौके पर बांटे गए दस्तावेज और प्रमाण पत्र

**बम्हनीडीह।** ब्लॉक मुख्यालय बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत लखुर्री में आयोजित सुशासन तिहार अंतर्गत बहुविभागीय शिविर में राजस्व विभाग की सक्रिय कार्यवाही ग्रामीणों के लिए राहत लेकर आई। यहां कलेक्टर जन्मेजय महोबे की उपस्थिति और मार्गदर्शन में बड़ी संख्या में लंबित राजस्व प्रकरणों का मौके पर निराकरण किया गया। शिविर में नामांतरण, रिकॉर्ड सुधार, बी-1, खसरा प्रतिलिपि, ऋण पुस्तिका और प्रमाण पत्र वितरण जैसी सेवाएं तत्काल उपलब्ध कराई गईं जिससे ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। प्रशासन ने समस्या लेकर आए समाधान लेकर जाए की भावना के साथ कार्य करते हुए ग्रामीणों को त्वरित राहत प्रदान की । राजस्व विभाग द्वारा शिविर से पहले ग्रामवार परीक्षण कर लंबित प्रकरणों एवं पात्र हितग्राहियों की सूची तैयार की गई थी परीक्षण उपरांत शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा में नामांतरण, बंटवारा और रिकॉर्ड सुधार संबंधी मामलों का निराकरण करते हुए तहसीलदार और नायब तहसीलदार स्तर से आदेश पारित किए गए



। पटवारियों द्वारा तत्काल रिकॉर्ड दुरुस्त कर भुईयां पोर्टल में ऑनलाइन प्रक्रिया पूर्ण की गई तथा किसानों के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किए गए। इससे अनेक किसानों को मौके पर ही अद्यतन रिकॉर्ड उपलब्ध कराया गया । शिविर में ग्राम लखुर्री, पोड़ीशंकर, सरवानी, परसापाली, सोठी सहित आसपास के गांवों के किसानों और हितग्राहियों को नवीन ऋण पुस्तिका, बी-1, खसरा प्रतिलिपि, नामांतरण पश्चात अद्यतन रिकॉर्ड और अन्य दस्तावेज वितरित किए गए। पार्वती बाई, श्यामलाल, ईश्वर प्रसाद, शिवकुमारी, फिरतराम, चंद्रप्रकाश, परदेशी, अग्रेलाल, घासीराम और तिलकराम सहित कई हितग्राहियों को लाभ मिला। वहीं काशवी धीवर, पूर्वी धीवर, आकाश कुमार और विनय कर्ष सहित कई लोगों को जाति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। आय, जाति और निवास प्रमाण पत्रों का तत्काल अनुमोदन कर वितरण किए जाने से ग्रामीणों को कार्यालयों के चक्कर से राहत मिली ।

**शिविर में अधिकारियों ने दी योजनाओं और राजस्व सेवाओं की जानकारी-** कार्यक्रम में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का लाभ लेने की अपील करते हुए राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली की सराहना की । एसडीएम पवन कोसमा ने अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए । तहसीलदार बम्हनीडीह शशिभूषण सोनी ने नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र की प्रक्रिया सहित एग्रीस्टैक पंजीयन, डिजिटल रिकॉर्ड और ऑनलाइन सेवाओं की जानकारी दी । कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, सीईओ प्रज्ञा यादव, थाना प्रभारी मनीष सूर्यवंशी, विकास शेंडे, अजम्बर सिंह सिसोदिया सहित समस्त जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे ।

## ईश्वर की कथा को सुनने मात्र से ही मनुष्य मोक्ष को प्राप्त कर सकता है : राधे प्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ तनौद

आदर्श ग्राम पंचायत खोरसी में पटेल परिवार द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिवस भव्य कलशयात्रा निकाली गई।

कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं युवतियां शामिल हुई। इसके बाद वेदी पूजन के

- संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु

अवसर पर कथा व्यासपीठ पर आसीन दीदी राधे प्रिया श्री धाम वृंदावन ने उपस्थित श्रद्धालु भक्त जनों को भागवत कथा के महत्व को समझाते हुए कहा कि भागवत कथा एक ऐसी कथा है जिसे मनुष्य ध्यान लगाकर श्रवण करता है उस मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है। प्रमुख यजमान डाक्टर पारसनाथ पटेल, श्रीमती संध्या पटेल, घनश्याम पटेल, श्रीमती गौरी देवी पटेल एवं अलिशा पटेल,वंशीका पटेल है। कथा श्रवण करने सुखराम पटेल, बद्रीनाथ पटेल, अशोक,खीरसागर, बसंत, फेकू,





संतराम, रुपेंद्र, अरमान, कौशल, डोलनारायण, साधराम, परमेश्वर, रामकुमार, गिरधारी पटेल सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे। भागवत भगवान की आरती व विधि विधान से पूजा अर्चना आचार्य पंडित ओमप्रकाश पाणिग्रही बरमकेला द्वारा कराया जा रहा है।

## वार्षिकोत्सवः श्याम संकीर्तन में झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय मोदी चौक स्थित श्री श्याम मंदिर का पन्द्रहवां स्थापना दिवस प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री श्याम बाबा सेवा समिति के तत्वाधान में चार दिवसीय समारोह के रूप में

- शनिवार को होगा श्याम पाठ व भंडारे के साथ समापन

बुधवार 6 मई से शनिवार 9 मई तक मनाया जा रहा है। समारोह के तृतीय दिवस शुक्रवार 8 मई को सायं 7:30 बजे से मंदिर परिसर के सामने आयोजित श्री श्याम संकीर्तन में भजन गायकों ने श्री श्याम भजनों की प्रस्तुति से समां बांधा।

श्री श्याम बाबा सेवा समिति चांपा के तत्वाधान में इस वर्ष 6 से 9 मई तक मंदिर का पन्द्रहवाँ स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसके तहत प्रथम दिवस बुधवार 6 मई को शाम 5 बजे से श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम सखी मण्डल के सहयोग से श्री श्याम नाम की मेहंदी का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्याम भक्त महिलाओं ने अपने हाथों में श्री श्याम नाम की मेहंदी लगवाई। आयोजन के द्वितीय दिवस गुरूवार 7 मई को शाम 6 बजे से स्टेशन रोड स्थित ओम सिटी परिसर से श्री श्याम मंदिर तक श्याम भक्तों द्वारा भव्य निशान यात्रा निकाली गई। आयोजन के तृतीय दिवस शुक्रवार 8 मई को रात्रि 7:30 बजे से श्री श्याम मंदिर परिसर में श्री श्याम संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। इसमें जयपुर के सुप्रसिद्ध भजन गायक आयुष सोमानी सहित जमनीपाली से आई भजन गायिका अमिशी-आशी तथा चांपा के भजन गायक पंकज अग्रवाल श्री श्याम भजनों की प्रस्तुति से श्याम भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्री श्याम संकीर्तन का शुभारंभ जमनीपाली से आयी भजन गायिका अमिशी-आशी ने गणेश वंदना से किया। उनकी प्रस्तुति रात्रि 8.30 बजे तक चली जिसमें उन्होंने भगवान गणेश, हनुमान जी तथा श्याम बाबा के भजन प्रस्तुत किये। रात्रि 8.30 बजे से रात्रि 10 बजे तक नगर के ही सुप्रसिद्ध भजन गायक पंकज अग्रवाल ने अपनी प्रस्तुति से समा बांधा। इसके बाद जयपुर से आये सुप्रसिद्ध श्याम भजन गायक आयुष सोमानी का समिति के पदाधिकारियों की ओर से स्वागत किया गया। उन्होंने रात्रि 1 बजे तक अपने भजनों से श्रद्धालुओं को झूमने और तालियां बजाने पर विवश कर दिया। श्याम संकीर्तन के लिए मंदिर परिसर में भगवान श्री कृष्ण जी की छबि पर आधारित भव्य दरबार सजाया गया। चार दिवसीय आयोजन के अंतिम दिवस शनिवार 9 मई को सुबह 9 बजे से श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम पाठ का आयोजन किया गया है। इसके बाद दोपहर 12:30 बजे से मंदिर के सामने स्थित अनिल मोदी के निवास पर भंडारा प्रसाद का आयोजन किया जायेगा।



श्री श्याम संकीर्तन में श्याम भजनों की प्रस्तुति देते कलाकार

## छत्तीसगढ़िया अंदाज में कवियों ने कराया काव्य रसपान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद

धार्मिक नगरी, छग की काशी के नाम से विख्यात खरौद में वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू की स्मृति में लक्ष्मणेश्वर

- खरौद में वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू की स्मृति में हुआ आयोजन

मंदिर के सामने 'छत्तीसगढ़ी कबि सम्मेलन' का आयोजन किया गया। आयोजन का यह तीसरा वर्ष रहा।

इस 'छत्तीसगढ़ी कबि सम्मेलन' में राजनांदगांव के हास्य कवि पद्मलोचन शर्मा 'मुंहफट', बेमेतरा के हास्य कवि रामानंद त्रिपाठी, कोरबा की श्रृंगार कवियित्री श्रीमती संतोषी 'श्रद्धा', साजा के ओज कवि ईश्वर साहू 'आरुग', बालोद के हास्य कवि कैलाश कुंवारा शामिल हुए, वहीं छत्तीसगढ़ी कबि सम्मेलन का संचालन बिलाईगढ़ के कवि ( हास्य-व्यंग्य-गीत ) शशिभूषण सनेही ने किया। यहां सभी कवियों ने गीत, हास्य और ओज के स्वर में 3 घण्टे तक समां बांधे रखा। 'छत्तीसगढ़ी कबि सम्मेलन' की शुरुआत मां सरस्वती, भगवान लक्ष्मणेश्वर और वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू के तैलचित्र के समक्ष पूजा-अर्चना से हुई, फिर सुमधुर स्वर की स्वामिनी कोरबा की कवियत्री संतोषी 'श्रद्धा' ने वंदना प्रस्तुत किया। यहां बालोद से आए हास्य व्यंग्य के कवि कैलाश कुंवारा ने खूब ठहाके लगवाए। साथ ही, सामाजिक कुरीतियों पर तंज कसे, वहीं साजा से आए ओज कवि ईश्वर साहू 'आरुग' ने राष्ट्रवादी कविताओं के साथ छत्तीसगढ़ी माटी, महतारी के सम्मान में ठेठ छत्तीसगढ़ी अंदाज में काव्यपाठ कर मंच को ऊंचाई दी। इसके पुनः संतोषी 'श्रध्दा' के द्वारा काव्यपाठ किया गया, जिसमें उन्होंने विशुद्ध प्रेम श्रृंगार की पंक्तियों से समां बांधते हुए काव्यांजलि दी। राजनांदगांव से पधारे वरिष्ठ कवि पद्मलोचन शर्मा 'मुंहफट' ने हास्य पैरोडी से जबरदस्त माहौल बनाया। साथ ही वरिष्ठ पत्रकार स्व. कुंजबिहारी साहू के प्रति अपनी श्रध्दा प्रकट करते हुए बातें रखी। फिर बेमेतरा से आए हास्य कवि रामानंद त्रिपाठी नेभी शानदार प्रस्तुति दी और अपने हास्य अंदाज से सबको खूब गुदगुदाया। अंत में, संचालन कर रहे बिलाईगढ़ से पहुंचे कवि शशिभूषण सनेही ने भाई, मां, परिवार पर संदेशपरक एवं मार्मिक मानवीय संवेदनाओं की कविताओं से सबको भाव-विभोर करते हुए प्रस्तुति दी। 'छत्तीसगढ़ी कबि सम्मेलन' में बौद्धिक जनमानस ने रात्रि 2:30 तक रचनाओं का रसपान करते हुए पूरी तन्मयता से खूब आनंद लिया। कार्यक्रम का समापन, कवियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन कोमल साहू और आभार प्रदर्शन आयोजन समिति के संयोजक राजकुमार साहू ने किया। इस मौके पर मोनू कश्यप, दीनदयाल यादव, महेश्वर यादव, डॉ. हरेकृष्ण साहू, नीलम यादव, हुलाश साहू, सुबोध शुक्ला, पुष्कर साहू, टालूराम साहू, ओमप्रकाश शर्मा, रवि यादव, इंदलदेव सेवा समिति के कृष्णकुमार आदित्य, फिरत आदित्य, हेमंत साहू, लव सोनी, श्रवण आदित्य, कैलाश थवाईत, दिनेश यादव, जांजगीर के शम्भू सिंह, मोरिनबाई साहू, गीता देवी साहू, हिमांशु साहू, कविता साहू, उषाकिरण साहू समेत अन्य काव्य प्रेमी मौजूद थे।



कार्यक्रम के अंत में कवियों को स्मृति चिन्ह भेंट करते आयोजन समिति के पदाधिकारी।

## सोमनाथ में आयोजित शिखर कार्यक्रम का लक्ष्मणेश्वर मंदिर में होगा सीधा प्रसारण



**पामगढ़।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व ''अटूट आस्था के 1000 वर्ष '' के अन्तर्गत 11 मई को सोमनाथ में विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में एक विशेष राष्ट्रीय शिखर कार्यक्रम आयोजित होना है। इसी के उपलक्ष्य में अनुविभाग पामगढ़ के लक्ष्मणेश्वर मंदिर खरौद में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण, प्रदर्शनी और सभा का आयोजन किया जाएगा। 11 मई को लक्ष्मणेश्वर मंदिर में प्रस्तावित कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने एसडीएम आर.के. तंबोली 8 मई को नगर पंचायत खरौद पहुंचे। उन्होंने मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। इसके बाद नगर पंचायत के सीएमओ, अध्यक्ष एवं पार्षदगण तथा अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में नगर पंचायत कार्यालय खरौद में बैठक लेकर कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## बच्चों ने लिया नशामुक्त एवं सात्विक जीवन का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेंद्र प्रभु अनुराग भवन कोटमीसोनार में आयोजित "लक्ष्य" बाल व्यक्तित्व विकास एवं संस्कार शिविर के पांचवें दिन बच्चों को आत्मसंयम, सदाचार और श्रेष्ठ जीवन मूल्यों की प्रेरणा दी गई।

राजयोग शिक्षिका एवं गीता सार प्रवक्ता बीके शशिप्रभा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मा एक राजा के समान है और पांच ज्ञानेंद्रियां-कान, आंख, स्पर्श, स्वाद एवं गंध उसके अधीन हैं। यदि मनुष्य इन इंद्रियों का गुलाम बन जाता है तो उसका जीवन पतन की ओर चला जाता है, लेकिन यदि आत्मा इन पर नियंत्रण रखे तो जीवन श्रेष्ठ और सफल बनता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि कई बार व्यक्ति स्वाद, आकर्षण और गलत संगति के कारण नशा, मांसाहार तथा अन्य बुरी आदतों का शिकार हो जाता है। शराब और सिगरेट जैसी वस्तुएं बड़े से बड़े व्यक्ति को अपना गुलाम बना देती हैं। इसलिए बच्चों को बचपन से ही अच्छे संस्कार अपनाने चाहिए।कार्यक्रम में बच्चों ने गीता का श्लोक "श्रोत्रं चक्षुः स्पर्शनं च रसनं घ्राणमेव च। अधिष्ठाय मनश्चायं विषयानुपसेवते॥" कंठस्थ कर उसका अर्थ भी समझा। उन्होंने बताया कि आत्मा ही इन इंद्रियों और मन के माध्यम से विषयों का



अनुभव करती है, इसलिए आत्मनियंत्रण अत्यंत आवश्यक है। शिविर में बच्चों ने सात्विक एवं शुद्ध भोजन ग्रहण करने, अच्छी बातें देखने-सुनने तथा नशा एवं अन्य गलत आदतों से दूर रहने का संकल्प लिया। बीके शशिप्रभा ने कहा कि मनुष्य के कर्मों का फल उसे अवश्य प्राप्त होता है। कर्मफल परछाई की तरह सदैव साथ चलता है। शिविर में बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## वेदांता स्किल स्कूल छत्तीसगढ़ में युवा स्वावलंबन का सशक्त माध्यम

अपने परिवार, समाज और देश के लिए कुछ कर दिखाने की इच्छा रखने वाला हर युवा चाहता है कि जितनी जल्दी हो वह खुद के पैरों पर खड़ा हो जाए। यूं तो सरकार ने देश भर में अनेक तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा के पाठ्यक्रम संचालित किए हैं परंतु देश की युवा आबादी के अनुपात में उनकी संख्या कम ही है। अनेक पाठ्यक्रम ऐसे भी हैं जहां प्रशिक्षण की सुविधाएं तो हैं परंतु प्रशिक्षण के बाद युवाओं को रोजगार पाने के लिए मशक्कत करनी पड़ती है। ऐसे में देश में उन व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की खूब मांग है जो प्रशिक्षण के साथ ही रोजगार उपलब्ध कराने में युवाओं की मदद करे।





वर्तमान परिदृश्य में वेदांता स्किल स्कूल की भूमिका महत्वपूर्ण बन जाती है। वर्ष 2011 में बालको के सामुदायिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत वेदांता स्किल स्कूल की स्थापना औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप युवाओं के लिए प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई थी। कोरबा, कबीरधाम और सरगुजा क्षेत्रों में कार्यरत वेदांता स्किल स्कूल ने अब तक 15,000 से ज्यादा युवाओं को स्थिर और सम्मानजनक कैरियर बनाने के अवसर मुहैया कराए हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में ही 1,200 से ज्यादा युवाओं ने विभिन्न केंद्रों में प्रशिक्षण पाकर बेहतरीन कैरियर का रास्ता चुना। इनमें से 83 फीसदी को 12 राज्यों में विभिन्न कंपनियों में काम के अवसर मिले। ज्यादातर युवा ऐसे थे जिन्हें पहली बार किसी औद्योगिक वातावरण में काम करने का मौका मिला। इन सकारात्मक बदलावों की अहमियत नंबरों से कहीं ज्यादा है।

वेदांता स्किल स्कूल से मिले सकारात्मक बदलाव का अनुभव निशा महंत के लिए अनूठा है। कम उम्र में ही उसने अपनी मां को खो दिया। बीमार पिता की देखभाल के साथ ही उसे परिवार की अन्य जिम्मेदारियां उठानी पड़ीं। एक मित्र की सलाह पर उन्होंने वेदांता स्किल स्कूल में दाखिला लिया और फूड एंड बेवरेज सर्विस में प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण के बाद नौकरी मिली परंतु उसे छोड़कर निशा को घर लौटना पड़ा। उसके कौशल और अनुभव को देखते हुए उसे घर के पास ही एक बड़े होटल में नौकरी मिल गई। आज वह अपने परिवार का सहारा बन गई है। अपनी आमदनी से छोटी बहन को भी पढ़ा रही है।

वेदांता स्किल स्कूल आवासीय प्रशिक्षण केंद्र है। यहां पढ़ने वाले छात्रों को आर्थिक संसाधनों की चिंता नहीं करनी पड़ती। स्कूल में प्रशिक्षुओं को उनकी रुचि और सीखने की क्षमता के अनुसार भरपूर अवसर दिए जाते हैं। स्कूल के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम उद्योगों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम एनएसडीसी से प्रमाणित है। यहां प्रशिक्षु आधुनिक तरीके से काम की तकनीकी बारीकियों के साथ अनुशासन के हुनर सीखते हैं। स्कूल में छात्रों को देशभर के नियोजनकर्ताओं के मजबूत नेटवर्क से जोड़कर उन्हें पैरों पर खड़े होने में मदद दी जाती है।

वेदांता स्किल स्कूल के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में शामिल 61 फीसदी महिलाएं और 59 फीसदी युवा वंचित समुदायों से आते हैं। प्रशिक्षण के बाद युवाओं को देश के औपचारिक मानव संसाधन में शामिल होने में मदद मिलती है। स्कूल के पाठ्यक्रम युवाओं के लिए नौकरियों का अवसर तो बनाते ही हैं, उन्हें इस बात के लिए भी तैयार करते हैं कि अपने परिवारों के उज्ज्वल भविष्य के लिए वे खुद को मजबूत करें।

अधिकांश युवा वेदांता स्किल स्कूल में प्रशिक्षण के बाद स्थिर कैरियर की ओर बढ़ जाते हैं। वे भाई-बहनों की पढ़ाई-लिखाई में मदद कर पाते हैं वहीं माता-पिता की आर्थिक सुरक्षा में भी योगदान कर पाते हैं। वे अपनी इच्छा से विशिष्ट उद्देश्य के साथ सम्मानपूर्वक धन अर्जित करने में सक्षम हो जाते हैं। इन बदलावों का गहरा असर परिवार और समाज पर सदैव बना रहता है।

छत्तीसगढ़ में युवाओं को स्थायी रोजगार के अवसर देने और समुदायों को मजबूत बनाने के लक्ष्य के तहत वेदांता स्किल स्कूल एक उत्कृष्ट पहल है। स्कूल के योगदान से जरूरतमंद युवाओं और उनके परिवारजनों के जीवन में सतत सकारात्मक बदलाव हो रहे हैं। वेदांता की इस पहल को पूरे देश में सराहना मिली है। कौशल विकास में उत्कृष्टता के लिए वेदांता स्किल स्कूल को 'आईसीसी सोशल इम्पैक्ट अवार्ड 2026' सहित अनेक पुरस्कारों से नवाजा गया है।

वेदांता स्किल स्कूल की कहानी सिर्फ युवा कौशल विकास की नहीं है बल्कि संसाधन विहीन युवाओं को आत्मविश्वास और सम्मान के साथ रोजगार के अवसर देने की कहानी भी है। स्कूल की उपलब्धियां यह दर्शाती हैं कि अवसरों की उपलब्धता से सफलता पाना संभव है।

**खबर संक्षेप**

## एंटीबायोटिक दवाओं के दुरुपयोग के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**जांजगीर-चांपा।** सही दवा - शुद्ध आहार – यही छत्तीसगढ़ का आधार जनजागरूकता अभियान के 12 वें दिन 8 मई को औषधि निरीक्षक सक्ती के द्वारा स्वापक एवं मनः प्रभावी औषधियों (नारकोटिक दवाओं) तथा एंटीबायोटिक दवाओं के दुरुपयोग के संबंध में ग्राम पंचायत देवरमाल के वरिष्ठ नागरिकों एवं शासकीय महाविद्यालय नगरदा के छात्रों के मध्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को बिना चिकित्सकीय परामर्श के दवाओं के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों, एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस की बढ़ती समस्या तथा नारकोटिक दवाओं के दुरुपयोग से होने वाले सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। जागरूकता कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य ए पी गोस्वामी एवं अमित तिवारी उपस्थित रहे जबकि ग्राम पंचायत देवरमाल से रामाधार जायसवाल, ठाकुर राम सिदार, लीलाधर सिंह सिदार, लेखराम जायसवाल, रामप्यारे सिदार, पूरन साहू,सोचूं सिदार , अयोध्या सिंह सिदार, मंगल सिंह सिदार, तीरीथ साहू, साहेब लाल सिदार, धरम सिदार,महेश्वर साहू, कन्हैया सिदार, चक्रधर सिदार, शशिभूषण, दिलेश्वर, परमेश्वर सिदार, मंगली बाई, बैयान बाई अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। औषधि निरीक्षक दुर्गेश कैवर्त द्वारा विद्यार्थियों को नशा एवं दवा दुरुपयोग से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश देने के साथ शपथ दिलाई गयी। यह कार्यक्रम नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार एवं कलेक्टर के निर्देशानुसार आयोजित किया गया।

## रामलला दर्शन के लिए 37 श्रद्धालुओं का दल अयोध्या धाम के लिए 13 को होगा रवाना

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर प्रारंभ की गई रामलला दर्शन (अयोध्याधाम) योजना के अंतर्गत प्रदेश के श्रद्धालुओं को निःशुल्क अयोध्या धाम में प्रभु रामलला के दर्शन का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत विशेष ट्रेन द्वारा प्रत्येक जिले से चयनित श्रद्धालुओं को सुविधाजनक यात्रा कराई जा रही है। इसी क्रम में 13 मई को सक्ती जिले से 37 श्रद्धालुओं के दल को बिलासपुर स्टेशन से रवाना किया जाएगा। जिसमे नोडल अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी विकासखंड सक्ती राजकुमार पटेल को नियुक्त किया गया है।

हितग्राहियों से सीधे चर्चा कर पेयजल आपूर्ति, नल कनेक्शन एवं नियमित जल वितरण की ली जानकारी

# जुनाडीह और बुडगहन में कलेक्टर ने जल जीवन मिशन कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बलौदा विकासखंड के जूनाडीह और बुडगहन का कलेक्टर ने दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जलापूर्ति व्यवस्था, पाइपलाइन नेटवर्क एवं ग्रामीणों को उपलब्ध कराए जा रहे पेयजल सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्रामीण हितग्राहियों से सीधे चर्चा कर पेयजल आपूर्ति की स्थिति, नल कनेक्शन की उपलब्धता तथा नियमित जल वितरण की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना का लाभ प्रत्येक घर तक समय पर और गुणवत्ता के साथ पहुंचे।

जिले में संचालित जल जीवन मिशन के कार्यों का कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने शुक्रवार 8 मई को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम बुड़गहन में ग्रामीणों ने कलेक्टर को अवगत कराया कि गांव के मुख्य मार्ग के नीचे से गुजर रही पीव्हीसी पाइपलाइन भारी वाहनों के लगातार आवागमन के कारण बार-बार क्षतिग्रस्त हो जाती है, जिससे पेयजल आपूर्ति बाधित होती है और ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री महोबे ने मौके पर उपस्थित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को तत्काल स्थल निरीक्षण कर दीर्घकालीन एवं स्थायी समाधान हेतु कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन शासन की महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करते हुए प्राथमिकता के साथ समस्या का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीणों को स्वच्छ एवं नियमित पेयजल उपलब्ध हो सके। जल जीवन मिशन के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री महोबे ने ग्रामीण हितग्राही श्रीमती सुकृता, सत्यनारायण एवं अन्य हितग्राहियों के घर पहुंच कर पेयजल व्यवस्था की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। ग्रामीणों ने नल कनेक्शन, पानी की उपलब्धता एवं नियमित जल आपूर्ति से जुड़ी जानकारी साझा की। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और जल जीवन मिशन का लाभ प्रत्येक घर तक समय पर पहुंचे।



निरीक्षण के दौरान नल चालू कर पानी का जायजा लेते कलेक्टर श्री महोबे।

## निर्माणाधीन आईटीआई भवन, खाद्यान्न भंडारण एवं केनाल पेच वर्क के कार्यों का लिया जाएजा



कलेक्टर जन्मेजय महोबे जिले में संचालित विकास कार्यों की लगातार मैदानी मॉनिटरिंग कर रहे हैं। कलेक्टर ने शुक्रवार 8 मई को बम्हनीडीह विकासखंड अंतर्गत विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसियों से कार्यों की वर्तमान स्थिति, निर्माण गुणवत्ता, निर्धारित समय-सीमा तथा उपलब्ध संसाधनों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने निर्माण कार्यों में उपयोग की जा रही सामग्री का निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने ग्राम लखुर्री में निर्माणाधीन खाद्यान्न भण्डारण संरचना का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने बम्हनीडीह में निर्माणाधीन आईटीआई भवन का जायजा लेते हुए कहा कि भवन पूर्ण होने पर क्षेत्र के युवाओं को तकनीकी शिक्षा एवं रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने निर्माण एजेंसी को कार्य में आवश्यक तेजी लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने खपरीडीह से रोहदा के मध्य माइनर केनाल पेचवर्क कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि सिंचाई व्यवस्था किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्ता एवं प्रगति पर सतत नजर रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, संबंधित विभागों के अधिकारी, निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## किरारी पंचायत में जनगणना कार्य जारी, घर-घर पहुंच रही टीम



**किरारी।** ग्राम पंचायत किरारी में जनगणना कार्य लगातार जारी है। जनगणना अभियान के तहत सुपरवाइजर अनुभव तिवारी ने प्रगणक कुलदीप कुंभकार के साथ मिलकर बीस नम्बर वार्ड मे किरारी पंचायत क्षेत्र के विभिन्न घरों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में पहुंचकर जनगणना संबंधी जानकारी एकत्रित की। टीम द्वारा परिवारों की आवश्यक जानकारी दर्ज करते हुए लोगों को जनगणना के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने भी सहयोग करते हुए आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई। जनगणना कार्य के दौरान तिलई क्षेत्र के सुपरवाइजर व वरिष्ठ प्रधान पाठक जीवन लाल यादव भी उपस्थित रहे। उन्होंने कार्य की प्रगति का अवलोकन करते हुए टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि जनगणना का उद्देश्य क्षेत्र की वास्तविक जनसंख्या संबंधी आंकड़े तैयार करना है, जिससे भविष्य की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन किया जा सके।किरारी पंचायत मे दीपक भानू ओमप्रकाश यादव रमाशंकर कुंभकार सहित प्रगणक टीम पूरी तन्मयता से जनगणना का कार्य संपादित कर रहे है

## दावा-आपत्ति आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** नगर पंचायत शिवरीनारायण के वार्ड क्रमांक 7 आजाद वार्ड में ऑंगनबाड़ी सहायिका के 1 पद पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। प्राविधिक मूल्यांकन सूची का प्रकाशन कार्यालयीन सूचना पटल पर कर दिया गया है। किसी अभ्यार्थियों को प्राविधिक सूची में आपत्ति हो तो वे 13 मई तक दावा-आपत्ति कर सकते है।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला न्यायालय, तालुका न्यायालय चांपा, अकलतरा, पामगढ़, नवागढ़, शक्ति, मालखरौदा, डभरा, जैजैपुर सहित समस्त राजस्व न्यायालय में भी शनिवार 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

लोक अदालत में राजीनामा योग्य आपराधिक एवं सिविल प्रकरण, चेक बाउंस के मामले, धन वसूली के मामले, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के प्रकरण, बिजली, जलकर, टेलीफोन बिल, वैवाहिक/पारिवारिक मामले, श्रम विवाद आदि मामलों का निपटारा किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से व्यक्ति अपने न्यायालय मामलों एवं विवाद पूर्व पंजीकृत होने वाले प्री लिटिगेशन मामलों का निराकरण करा सकते हैं। लोक अदालत में निराकृत होने वाले




मामलों में पूर्व में लगी हुई न्यायालयीन फीस वापस होती है और मामलों का आपसी समिति से निराकरण होने के कारण अंतिम समाधान पर पहुंचते हैं। नेशनल लोक अदालत की तैयारी के संबंध में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयदीप गर्ग के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश अनुसार जिले के न्यायिक एवं राजस्व अधिकारियों , बैंक, बीमा, फाइनेंस, विद्युत विभाग एवं नगर पालिका के अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं की बैठक आयोजित कर अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण किए जाने की अपील की गई। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के द्वारा न्यायालय परिसर के हनुमान मंदिर में खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

